श्याम तेरा प्रेमी जग से हारा है

ऐ मेरे श्याम तेरा प्रेमी जग से हारा है
सुना है हारे का बन जाता तू सहारा है
ऐ मेरे श्याम तेरा प्रेमी................

भटक भटक के मैं इस जग से थक गया बाबा
कदम कदम पे मुझे ठोकरों ने मारा है
ऐ मेरे श्याम तेरा प्रेमी................

किसी ने देके पता तेरा मुझको भेजा है
बताया सबने बड़ा सच्चा तेरा द्वारा है
ऐ मेरे श्याम तेरा प्रेमी................

हर एक चहरे पे है मुस्कान यहाँ देखा है
तुम्हारे खाटू का बाबा अजब नज़ारा है
ऐ मेरे श्याम तेरा प्रेमी................

ना तोडना मेरी उम्मीदें मेरे श्याम धणी
ये अपना जीवन कुंदन ने तुझपे वारा है
ऐ मेरे श्याम तेरा प्रेमी................

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/22424/title/shyam-tera-premi-jag-se-haara-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |